134

कार्यालय राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड देहरादून

संख्या– 197 / V- 94 / रा0प0 / 2015 दिनांक 11 मई , 2015

कार्यालय ज्ञाप

परिषद के पत्र संख्या–398 / जि0पु0आयोग दिनांक 23.01.2013 के द्वारा राज्य में नये जिलों के गठन के संबंध में आयुक्त, गढ़वाल की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी थी। आयुक्त, गढ़वाल मण्डल पौड़ी द्वारा अपने पत्र संख्या–1314 / 9–158 (2013–14) दिनांक 03 मार्च , 2015 के द्वारा उनकी अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्य,सचिव,उत्तराखण्ड शासन, राजस्व विभाग, देहरादून उनके बरिष्ठ होने एंव श्री नीरज खैरवाल, जो जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग के पद पर तत्समय कार्यरत थे, वर्तमान में जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग के पद पर कार्यरत न होने से उक्त गठित समिति के पुनर्गठन किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतएव परिषद के पत्र संख्या–398 / जि0पु0आयोग दिनांक 23.01.2013 के द्वारा आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी की अध्यक्षता में गठित समिति में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नानुसार पुनः गठित की जाती है। उक्त समिति के सदस्य निम्नवत् होगें :–

1– आयुक्त एंव सचिव, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड ,देहरादून।
2– जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
3– अपर आयुक्त, ग्राम्य विकास।
4– अपर सचिव, नगर विकास।
5– प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।

उक्त समिति नये जिलों के सृजन एंव प्रशासनिक आधार पर जिलों के पुनर्गठन के प्रस्तावों के संबंध में परिषद के पत्र संख्या–398 / जि0पु0आयोग दिनांक 23.01.2013 में नये जनपद सृजन हेतु मापदण्डो के निर्धारण हेतु नियत बिन्दुओं पर अपनी आख्या / प्रस्ताव जिला पुनर्गठन आयोग को समयान्तर्गत प्रस्तुत करेगी। समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पुनः जिला पुनर्गठन आयोग द्वारा शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–590 / XV111(1)/2012-2(9)/2011 दिनांक 17 मई, 2012 द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर विचार कर अपनी संस्तुति शासन को प्रेषित करेगी ।

ह0 / –
(राकेश शर्मा)
अध्यक्ष,
राजस्व परिषद,
उत्तराखण्ड,देहरादून।

संख्या एंव दिनांक तदैव

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, उत्तराखण्ड शासन,राजस्व विभाग, देहरादून ।
2– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी ।
3– आयुक्त, कुमायूँ मण्डल, नैनीताल।
4– समिति में नामित समस्त सदस्य।
5– समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड ।

8/5/15
(विजय कुमार ढौंडियाल)
आयुक्त एंव सचिव।